# एमएसएमई क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिये करौली ज़िला हुआ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

## चर्चा में क्यों?

30 जून, 2022 को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित उद्यमी भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के करौली जिले को 'एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट' की श्रेणी में दूसरा स्थान पाने के लिये सम्मानित किया।

## प्रमुख बिंदु

- एमएसएमई के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये दिए गए 26 श्रेणी के पुरस्कारों में राजस्थान ने 4 अलग-अलग श्रेणियों में कब्ज़ा जमाया।
- प्रधानमंत्री ने दिव्यांग विजेता सुनीता गुप्ता के साथ चर्चा की। इस दौरान अशोक पारीक एवं अनीता लूनिया को भी विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय कार्य के लिये सम्मानित किया गया।
- राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि एमएसएमई नीति में बदलाव के चलते किसी भी उद्योगपति को अब उद्योग स्थापित करने के लिये 3 से 5 वर्ष तक विभिन्न विभागों से एनओसी लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- उद्योग मंत्री ने कहा कि आगामी 7-8 अक्टूबर को इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से प्रदेश में विभिन्न कंपनियों द्वारा निवेश किया जाएगा। इससे न केवल प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिये रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।
- गौरतलब है कि राज्य के सिरोही, धौलपुर, जैसलमेर और करौली जिलों को 'एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट' कार्यक्रम के तहत चयन किया जा चुका है, जिनमें से करौली जिले ने बेहतरीन कार्य के लिये दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
- 'एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स' कार्यक्रम भारत सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना है, जिसके जरिये देश के प्रगतिशील जिलों को क्षेत्र विशेष में उल्लेखनीय कार्य के लिये चुना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/karauli-district-honored-for-excellent-work-in-msme-sector